दिन– शुक्रवार                                                                  दिनांक– 02 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                  अवधिः– 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया।

02. भारत आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के तहत वैश्विक मीडिया संवाद की मेजबानी करेगा। कार्यक्रम में साठ से अधिक देश शामिल होंगे।

03. खेलो इंडिया यूथ गेम्स की गौरव मशाल यात्रा का आज पटना में होगा समापन। चार मई से शुरू होगा खेलों का महाकुम्भ।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, भोजपुर, नालंदा, पटना और गया समेत पच्चीस जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए किसी विशेष कंपनी की दवाईयां नहीं लिखने और सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया है। राजस्थान उच्च न्यायालय पहले ही यह आदेश दे चुका है। दवा कंपनियों की मनमानी से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि इस निर्णय का पूरे देश में पालन किया जाए तो इससे महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति संदीप मेहता, न्यायामूर्ति विक्रम नाथ और संजय करोल की पीठ ने यह आदेश दिया।

————————————————————

और अब बात वेव्स शिखर सम्मलेन की......

———म्यूजिक———

वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल मीडिया संवाद की मेजबानी करेगा। वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल चार दिवसीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। ग्लोबल मीडिया संवाद का आयोजन सूचना और प्रसारण मंत्रालय और **विदेश** मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमरीका के प्रतिनिधिमंडलों सहित साठ से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता दीपेन्द्र से।

———बाईट———

————————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल को वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए प्राकलन समिति का अध्यक्ष नियुक्ति किया है। तीस सदस्यीय इस समिति का कार्यकाल अगले वर्ष तीस अप्रैल को समाप्त होगा। समिति में भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी भी शामिल हैं।

————————————————————————

केंद्र सरकार की ओर से जाति जनगणना कराने के फैसले का विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया है। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना कराने के फैसले के लिए धन्यवाद के पात्र हैं।

———बाइट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने केन्द्र सरकार के इस फैसले को योग्य कदम बताया है। श्री कुशवाहा ने पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर में आयोजित एक बैठक में कहा कि केन्द्र सरकार का यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा।

———बाइट———

जन सुराज पार्टी के संरक्षक प्रशांत किशोर ने कहा कि इस तरह की गणना से समाज को कोई नुकसान नहीं होगा। उनकी पार्टी यह बात पहले से ही कहती आ रही है।

———बाइट———

पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय संयोजक प्रोफेसर फिरोज मंसूरी ने कहा है कि इस फैसले से देश की जनसंख्या पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस जाति जनगणना से वंचित पसमांदा समाज के साथ इंसाफ होगा।

————————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि अप्रैल में रिकॉर्ड वस्तु और सेवा कर – जीएसटी संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और प्रभावी सहकारी संघीय प्रणाली का परिचायक है। अप्रैल के लिए सकल जीएसटी संग्रह दो लाख 36 हजार करोड़ रुपये रहा। यह संग्रह अप्रैल दो हजार चौबीस में दो लाख दस हजार करोड़ रुपये के सकल संग्रह से बारह दशमलव छह प्रतिशत अधिक है। अप्रैल दो हजार पच्चीस में कुल जीएसटी संग्रह दो लाख नौ हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया,

यह अप्रैल दो हजार चौबीस के एक लाख बानवे हजार करोड़ रुपये के कुल संग्रह की तुलना में नौ दशमलव एक प्रतिशत अधिक है।

———————————————————————

अब खबरें खेलो इंडिया यूथ गेम्स की...

———म्यूजिक———

खेलों का महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स चार मई से शुरू हो रहा है। इस महाआयोजन को लेकर प्रदेश में आयोजित गौरव मशाल यात्रा का आज समापन हो रहा है। इसे लेकर पटना में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मशाल यात्रा राज्य के अड़तीस जिलों में से सैंतीस जिलों का भ्रमण कर चुकी है। इस यात्रा ने हजारों की संख्या में युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया और उनमें जोश भरने का काम किया है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

इधर, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि खेलों के आयोजन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

———रिपोर्ट———

खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारी को लेकर बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सुगम यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के बारे में किये जा रहे प्रबंध को लेकर जानकारी ली।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजगीर खेल अकादमी—सह—खेल विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित बास्केटबॉल, हैंडबॉल, वॉलीबॉल कोर्ट और हॉकी प्रैक्टिस टर्फ सहित कई अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

———————————————————————

भारतीय रेलवे ने नई डिजिटल घड़ी के डिजाइन के लिए राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता से तैयार मानक घड़ियों को देश भर के रेलवे स्टेशनों और सभी प्लेटफॉर्म पर लगाया जाएगा। इस प्रतियोगिता में तीन वर्गों में प्रोफेशनल, विश्वविद्यालय और स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। रेलवे के सूचना और प्रचार कार्यकारी निदेशक दिलिप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चुनी गई डिजाइन को पांच लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त

सभी तीनों वर्गों में पचास–पचास हजार के पांच सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगी इस महीने के अंत तक अपने डिजाइन ऑनलाइन भेज सकते हैं।

——————————————————

मौसम विभाग ने आज उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य बिहार में मेघगर्जन और वज्रपात का येलो अर्लट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस दौरान पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, भोजपुर, जहानाबाद, पटना, नालंदा और गया समेत पच्चीस जिलों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा के साथ तेज हवा चलने की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान के जीरादेई में सबसे अधिक सैंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, जिले के पचरूखी में तेईस दशमलव छह मिलीमीटर, सारण के दिघवाड़ा में दस दशमलव चार और गोपालगंज के हथवा में नौ दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा हुई है। इधर, पटना के खुसरूपुर में आठ दशमलव दो और दानापुर में सात दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

——————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है, जहां अनेक भाषा, बोली, संस्कृति और आस्था के लोग रहते हैं। राजभवन में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत गुजरात के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर उन्होंने कहा कि इस विविधता की स्वीकार्यता असमान्य भारतीय संस्कृति का विशिष्ठ पहलू है। इस मौके पर राज्यपाल ने महात्मा गांधी के मूल्यों और सिद्धांतों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बापू नेल्सन मंडेला सहित विश्व के अनेक लोगों के प्रेरणास्त्रोत हैं।

——————————————————

मधेपुरा जिले के इनामी अपराधी गुमेश सरदार को शंकरपुर और भतनी थाने की पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर बलुआहा से गिरफ्तार किया है। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया गिरफ्तार अपराधी पर डकैती, लूट, गृहभेदन, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और संगठित गिरोह संचालन जैसे गंभीर आरोप है।

——————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया।

02. भारत आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के तहत वैश्विक मीडिया संवाद की मेजबानी करेगा। कार्यक्रम में साठ से अधिक देश शामिल होंगे।

03. खेलो इंडिया यूथ गेम्स की गौरव मशाल यात्रा का आज पटना में होगा समापन। चार मई से शुरू होगा खेलों का महाकुम्भ।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, भोजपुर, नालंदा, पटना और गया समेत पच्चीस जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।